# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

षष्ठम् झारखण्ड विधान–सभा
संख्या–09

पंचम (बजट) सत्र
सोमवार, दिनांक–09 मार्च, 2026 ई०।

समय–11.00 बजे पूर्वा० से 04.48 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

**1.आसन से घोषणाः–**

आसन द्वारा टी–20 वर्ल्ड कप में भारत के लगातार दूसरी बार ऐतिहासिक विजय हासिल करने पर झारखण्ड विधान सभा की ओर से पूरे भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गयी।

इसपर आसन का आभार व्यक्त करते हुए माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में झारखण्ड राज्य के होनहार छात्रों की सफलता पर भी विधान सभा की ओर से बधाई दिये जाने का अनुरोध किया गया।

**2.प्रश्नकालः–**

आज के लिए निर्धारित अल्पसूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ–

**(कुल अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या–14)**

(क) उत्तरित कुल–02

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम सं०–42, | अ०सू०–01 | श्री हेमलाल मुर्मू, (दिनांक–21.02.2026 से स्थगित।) | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–119, | अ०सू०–36 | श्री सरयू राय, | स०वि०स०। |

(ख) अपृष्ठ कुल–02

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम सं०–120, | अ०सू०–11 | श्री प्रदीप प्रसाद, | स०वि०स० |
| क्रम सं०–121, | अ०सू०–34 | श्री उदय शंकर सिंह, | स०वि०स०। |

(ग) अनागत कुल–10,

क्रम सं०–122 से क्रम सं०–131 तक।

**(कुल तारांकित प्रश्नों की संख्या–38)**

(क) उत्तरित कुल–06

| | | |
|---|---|---|
| क्रम सं०–356, | डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–357, | श्री निरल पुरती, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–358, | श्री कुमार उज्ज्वल, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–359, | श्री अमित कुमार यादव, | स०वि०स०, |

Scanned with OKEN Scanner

क्रम सं०–360, श्री संजीव सरदार, स०वि०स०,
(अधिकृत प्रश्नकर्ता, माननीय सदस्य, श्री जगत मांझी।)
क्रम सं०–361, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी, स०वि०स०।

(ख) अनागत कुल–32, तारां० क्रम संख्या–362 से 393 तक।

### 3.शून्यकाल–

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सूचनाएँ निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयी:–

श्री जिगा सुसारन होरो,
श्री राज सिन्हा,
श्रीमती श्वेता सिंह,
डॉ० नीरा यादव,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री भूषण तिर्की,
श्री संजीव सरदार (माननीय सदस्य, श्री जगत मांझी अधिकृत।),
श्री आलोक कुमार चौरसिया,
श्री अरूप चटर्जी,
श्री मनोज कुमार यादव,
श्री सुरेश कुमार बैठा,
श्री दशरथ गागराई,
श्रीमती मंजू कुमारी,
श्री अनन्त प्रताप देव,
श्री कुमार उज्ज्वल,
श्री देवेन्द्र कुंवर,
श्री मंगल कालिंदी,
श्री रामचन्द्र सिंह,
श्री राम सूर्या मुण्डा,
श्री निर्मल महतो,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री सोमेश चन्द्र सोरेन,
श्री जनार्दन पासवान,
श्री धनंजय सोरेन,
श्री मथुरा प्रसाद महतो।

### 4.ध्यानाकर्षण की सूचनाएँ:–

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–147 के तहत प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना एवं उनपर दिये गये वक्तव्य निम्नवत् हैं–

I-माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

II-माननीय सदस्य, श्री देवेन्द्र कुंवर द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

### 5.प्रथम पाली की सूचना:–

माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने आसन को अवगत कराया कि रजरप्पा मंदिर में एक श्रद्धालु को वहाँ पुलिसकर्मियों के द्वारा उनके परिवारजन के समक्ष बेरहमी से पीटा गया है जिसमें दोषी पुलिसकर्मियों पर यथाशीघ्र सरकार की ओर से कार्रवाई किया जाय साथ ही ईटखोरी में पुलिस द्वारा

Scanned with OKEN Scanner

गिरफ्तार एक व्यक्ति पर वहाँ की सी.ओ. द्वारा डंडा से पीटने का मामला भी संज्ञान में लाते हुए दोषी पर कार्रवाई का अनुरोध किया गया,

माननीय सदस्य, श्री सुरेश पासवान द्वारा अपने क्षेत्र अंतर्गत छः किमी. ग्रामीण सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में आसन को सूचित किया गया,

माननीय सदस्य, श्री नवीन जयसवाल द्वारा विधान सभा से मात्र दो किमी. की दूरी पर अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या तथा इसके उपरांत वहाँ पर बम मारकर हत्या किये जाने की धमकी का मामला उठाया गया तथा इसमें संलिप्त अपराधी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी की माँग आसन से किया गया।

## 6.आसन से सूचनाः–

आसन द्वारा सदन को इस आशय से अवगत कराया गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विधान सभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पक्ष एवं विपक्ष के सभी महिला माननीय सदस्यों से वार्तालाप की इच्छा जाहिर की है जिसके निमित्त सभी महिला माननीय सदस्य प्रथम पाली की समाप्ति के तुरंत बाद माननीय मुख्यमंत्री के कार्यालय कक्ष में उपस्थित होने की कृपा करेंगे।

पुनः आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि प्रथम पाली की समाप्ति के बाद माननीय मुख्यमंत्री के महिला माननीय सदस्यों से वार्तालाप के उपरांत उनके कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक निर्धारित की गयी है जिसमें समिति के सभी माननीय सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया।

## 7.सभा मेज पर प्रतिवेदन का रखा जानाः–

आसन की अनुमति से सभापति, सामान्य प्रयोजन समिति, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–216(1) के तहत षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा की सामान्य प्रयोजन समिति का वार्षिक प्रतिवेदन–2025–26 की प्रति सभा पटल पर उपस्थापित की गयी।

## 8.वित्तीय कार्यः–

आसन द्वारा पुकारे जाने पर ग्रामीण विकास विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, श्री सुदिव्य कुमार द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग(नगर विकास प्रभाग) के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2027 को समाप्त होनेवाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 38,19,40,36,000/–(अड़तीस अरब, उन्नीस करोड़, चालीस लाख, छत्तीस हजार) रूपये से अनधिक राशि की माँगें प्रस्तुत की गयी। माननीय सदस्या, डॉ० नीरा यादव द्वारा इस माँग से सम्बन्धित कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

(माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया पर वायरल राज्य के दो वरीय पदाधिकारियों के वार्तालाप का मामला आसन के समक्ष उठाते हुए अनुरोध किया कि इसकी जाँच सरकार के द्वारा अविलम्ब करायी जानी चाहिए क्योंकि यह अत्यंत गम्भीर विषय है जिसपर माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने वार्तालाप की कॉपी माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध करते हुए इसकी जाँच नियमानुसार कराये जाने का आश्वासन दिया।

माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार यादव ने क्षेत्र के अवैध खनन किये गये गड्ढ़े में सौरभ कुमार नामक 13 वर्षीय बालक के डूबकर मर जाने का मामला उठाते हुए आसन से आग्रह किया कि इसके लिए दोषी को चिह्नित कर कार्रवाई की जाय।)

## 9.वित्तीय कार्य(क्रमांक–8 से जारी):–

आसन द्वारा पुकारे जाने पर अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत नगर विकास एवं आवास विभाग(नगर विकास प्रभाग) के अनुदान की माँग पर वाद–विवाद में माननीय सदस्या, डॉ० नीरा यादव द्वारा चर्चा प्रारम्भ किया गया जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लियाः–

श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन,

श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,

Scanned with OKEN Scanner

श्री रामचन्द्र सिंह,
श्री सुरेश पासवान,

(इस अवसर पर माननीय सभापति, श्री रामचन्द्र सिंह ने आसन ग्रहण किया।)

श्री अरूप चटर्जी,
श्री जनार्दन पासवान,
श्री निर्मल महतो,
श्री जयराम कुमार महतो,
श्री रामसूर्या मुण्डा,

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

श्री शत्रुघ्न महतो,

(इस अवसर पर सदन की सहमति से सरकार के उत्तर पर्यन्त सभा का समय विस्तारित किया गया।)

श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री अनन्त प्रताप देव,

वाद–विवाद के उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री, श्री सुदिव्य कुमार द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग(नगर विकास प्रभाग) की माँग पर सभा में सरकार की ओर से उत्तर दिया गया।

माननीय सदस्या, डॉ० नीरा यादव द्वारा प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव उनकी अनुपस्थिति के कारण सभा द्वारा अस्वीकृत हुआ तत्पश्चात् माँग स्वीकृत हुई।

(सरकार के उत्तर के क्रम में विपक्षी दल के अधिकांश माननीय सदस्यों द्वारा सदन से बहिर्गमन किया गया।)

## 10.कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशें–

आसन की अनुमति से माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा कार्यमंत्रणा समिति की दिनांक–09.03.2026 को हुई बैठक में लिये गये निम्नलिखित निर्णय को सदन पटल पर रखा गया जो सभा द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ:–

**क**– दिनांक–11.03.2026 (बुधवार) को दिनांक–13.03.2026 (शुक्रवार) को लिये जाने वाले वित्तीय कार्य का निष्पादन हो,

**ख**– दिनांक–13.03.2026 (शुक्रवार) को दिनांक–11.03.2026 (बुधवार) को लिये जाने वाले वित्तीय कार्य का निष्पादन हो,

**ग**– दिनांक–14.03.2026 (शनिवार) को सभा की बैठक हो,

**घ**– दिनांक–14.03.2026 (शनिवार) को दिनांक–16.03.2026 (सोमवार) के लिये निर्धारित सभी कार्य लिये जाएँ,

**च**– दिनांक–16.03.2026 (सोमवार) को दिनांक–17.03.2026 (मंगलवार) के लिये निर्धारित सभी कार्य लिये जाएँ,

**छ**– दिनांक–17.03.2026 (मंगलवार) को दिनांक–18.03.2026 (बुधवार) के लिये निर्धारित सभी कार्य लिये जाएँ,

**ज**– दिनांक–18.03.2026 (बुधवार) को दिनांक–19.03.2026 (गुरूवार) के लिये निर्धारित सभी कार्य लिये जाएँ,

**झ**–दिनांक–19.03.2026 (गुरूवार) को बैठक नहीं हो,

शेष कार्य यथावत् रहेंगे।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक–10.03.2026 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–09 मार्च, 2026 ई०।

रंजीत कुमार,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

Scanned with OKEN Scanner